मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-204
16/04/2021

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

मुख्य बिंदु :–

- जिन क्षेत्रों में कोरोना के मामले आ रहे है उसमें विशेष सतर्कता बरतें और सभी जरुरी कदम उठाएं।
- जो लोग भी बिहार के बाहर दूसरे राज्यों में हैं वे अगर बिहार वापस आना चाहते हैं तो वे जरुर वापस आएं, यह बेहतर होगा।
- पत्रकारों के भी कोविड–19 वैक्सीनेशन की व्यवस्था करें।
- लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क और सजग करते रहना होगा।
- लोग मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें।

पटना, 16 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने राज्य में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। उन्होंने डेली टेस्ट पॉजिटिविटी रेट, एक्टिव केसेज, प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर जांच की संख्या, जिलावार एक्टिव केसेज, रिकवरी रेट, कुल जांच, आर0टी0पी0सी0आर0 जांच एवं टीकाकरण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। कोविड अस्पतालों में बेडों की उपलब्धता एवं ऑक्सीजन सिलिंडर आदि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों के साथ सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ कोरोना की अद्यतन स्थिति को लेकर भी बैठक की गई हैं जिसमें भी कई महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोरोना के मामले प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। इस पर पूरी नजर रखें और जिन क्षेत्रों में कोरोना के मामले आ रहे हैं उसमें विशेष सतर्कता बरतें और सभी जरुरी कदम उठाएं। कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ टीकाकरण कार्य में भी और तेजी लायें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को भी कोविड वैक्सीनेशन की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी बिहार के बाहर दूसरे राज्यों में हैं वे अगर बिहार वापस आना चाहते हैं तो वे जरुर वापस आयें, यह बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दवा के साथ–साथ ऑक्सीजन की उपलब्धता पर्याप्त रखें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो। कोविड डेडिकेटेड अस्पतालों में सारी तैयारी

पूर्ण रखें। लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क और सजग करते रहना होगा। लोग मास्क का जरूर प्रयोग करें, आपस में दूरी बनाकर रहें, हमेशा साबुन से हाथ धोते रहें। लोग सचेत और सजग रहेंगे तो संक्रमण का खतरा कम से कम होगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

बैठक के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की वर्तमान स्थिति को लेकर आज भी बैठक हुई है। कल राज्यपाल महोदय ने ऑल पार्टी मीटिंग के लिए सभी दलों को निमंत्रित किया है। सर्वदलीय बैठक में कोरोना को लेकर जो भी काम किये जा रहे हैं उसकी सारी जानकारी सभी दलों के लोगों को दी जाएगी। कल की बैठक में सभी दलों के लोगों की बातें सामने आएंगी और जो भी उपयोगी सुझाव होंगे उस पर निर्णय लिये जायेंगे। रविवार को सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ भी बैठक होगी, जिसमें सारी चीजों की जानकारी ली जाएगी और उसके आधार पर आगे फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रतिदिन बढ़ रहा है। आज की बैठक में कोरोना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी है। ऑक्सीजन की कमी के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में ऑक्सीजन सिलिंडर को लेकर भी सारी बातें हो चुकी हैं।

******